कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांकः 16.03.2022

गर्ल्स कॉलेज में ''रंग फुहार'' कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होली के अवसर पर ''रंग फुहार'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के नृत्य विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह में छात्राओं में अति उत्साह के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि होली का त्योहार जनमानस का त्योहार है, यह भेदभाव मिटाकर सद्भाव फैलाता है। आप सब भी प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करें। वरष्ठि प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने सर्वधर्म समभाव दर्शाती कविता का पाठ किया। वहीं श्री योगेन्द्र त्रिपाठी एवं डॉ. रेशमा लाकेश ने गीत प्रस्तुत किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि कोविड–काल के कारण पिछले दो वर्षों से होली का उत्साह कम हो गया था किन्तु इस वर्ष स्थिति सामान्य हो रही है और छात्राओं में परीक्षा को लेकर जो भय और संशय है उसे दूर करने एवं उत्साह का संचार करने के लिए रंग–फुहार का आयोजन किया गया है।

छात्राओं ने अनेक नयनाभिराभ प्रस्तुतियाँ दीं। कु. शारदा यादव ने राधाकृष्ण की प्रेम–भाव प्रस्तुति, काजल सोनी– जा रे हट नटखट को आधुनिक तरीके से प्रस्तुत किया। वहीं निधि और ललिता ने राधा कैसे न जले पर युगल नृत्य किया। कु. नंदिनी ने छत्तीसगढ़ी फाग नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर कु. गरिमा सोनबोईर, प्रज्ञा मिश्रा, उर्मिला ने स्वलिखित कविताओं का पाठ किया। प्रगति दुबे ने होली गीत प्रस्तुत किया। अंत में महाविद्यालय के परिसर में छात्राओं ने सूखे रंगों से होली खेलकर पूरे महाविद्यालय को रंगों से भर दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रायें, प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित थे।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)